# 'डूंगर महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने देश व दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई'

बीकानेर, (निसं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने रविवार को राजकीय डूंगर महाविद्यालय में नवनिर्मित जल मंदिर का उद्घाटन किया। इसका निर्माण सुशीला केशव सेवा संस्था के डॉ. के.डी. शर्मा के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संस्था द्वारा बेहद सराहनीय कार्य किया गया है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को ठंडा और शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास दूसरों के लिए प्रेरणादाई होते हैं। उन्होंने कहा कि डूंगर महाविद्यालय का इतिहास स्वर्णिम रहा है। यहां के पूर्व विद्यार्थियों ने देश और दुनिया में महाविद्यालय को विशिष्ट पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय एक परिवार की तरह है और हम सभी इस परिवार के सदस्य हैं। इस नाते यहां सभी सुविधाएं मुहैया करवाने में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

भाटी ने महाविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध जनजागरुकता के लिए चलाए जा रहे अभियान को सराहा तथा कहा कि सतत प्रयासों से महाविद्यालय परिसर का रूप निखरा है। यहां और अधिक पौधे लगाए जाएं, जिससे यह ग्रीन कैम्पस के रूप मे विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरा और लगातार तीन वर्ष पीटीईटी का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। उन्होंने कोविड काल में शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार के वर्तमान कार्यकाल में संभाग में 22 तथा जिले में 10 नए महाविद्यालय प्रारम्भ हुए हैं। नए संकाय भी खोले गए हैं। इसी प्रकार प्रत्येक ग्राम पंचायत के सैकण्डरी स्कूलों को उच्च माध्यमिक के रूप में क्रमोन्नत कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के सुखद परिणाम निकट भविष्य में देखने को मिलेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. सिंह ने बताया कि प्रवेश द्वार पर जल मंदिर की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। यह बन जाने से दूरदराज के विद्याथिर्यों, अभिभावकों और राहगिरों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। कॉलेज एलुमनाई समिति की अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. कृष्णा तोमर ने पिछले वर्षों में एलुमनाई समिति द्वारा महाविद्यालय के विकास के लिए करवाए गए कार्यों के बारे में बताया। डॉ. प्रकाश आचार्य ने एलुमनाई समिति का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।



बीकानेर : राजकीय डूंगर महाविद्यालय में जल मंदिर का ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी ने उद्घाटन किया।

- ऊर्जा मंत्री ने डूंगर महाविद्यालय में जल मंदिर का उद्घाटन किया

पूर्व प्राचार्य डूंगर कॉलेज प्रो. के.डी.शर्मा ने कहा कि कॉलेज में संस्था द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने कॉलेज में हो रहे विकास कार्यों के बारे में बताया। कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ. राकेश हर्ष ने आभार जताया।इस अवसर पर डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित, डॉ. बिट्ठल बिस्सा, मोखराम, भंवानी रंगा, सुशील पंचारिया, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भगवाना राम विश्नोई, डॉ. जयभारत सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. सुरेन्द्र पाल मेघ, डॉ. विक्रमजीत, डॉ. एम.डी.शर्मा, डॉ. विपिन सैनी, श्रीकिशन गोदारा, सुशील केशव संस्था के ओमप्रकाश घारू, डॉ. अजय कपूर, सुमित कोचर, जिला परिषद सदस्य मदन मेघवाल, हरिनारायण खत्री, लीलाधर खत्री, सौरभ शर्मा सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बिजली के खंभे से चिपका बच्चा

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के पदमपुर इलाके में गांव बींझबायला में बच्चा करंट की चपेट में आने से बिजली के खंभे से चिपक गया। गनीमत यह रही कि बच्चे के खंभे से चिपकते ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिल गई।

उन्होंने पास पड़े एक लकड़ी के मेज से बच्चे को बिजली के खंभे से दूर करने का प्रयास किया। खंभे से चिपकते ही बच्चा बेहोश हो गया। आनन-फानन में आसपास के लोग उसे लेकर घमूड़वाली अस्पताल पहुंचे जहां बच्चे को होश आ गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज दिया। शाम तक बच्चे की हालत ठीक थी। गांव बींझबायला के पास मेन रोड ढोली परिवारों की बस्ती है। इसी बस्ती में पठान ढोली रहता है जो विवाह अवसरों पर ढोल बजाकर परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार को पठान ढोली का बेटा अमन नमकीन का पैकेट खरीदने के लिए बस्ती के पास ही गांव में जूस की दुकान पर आया था। उसने यहां नमकीन का पैकेट खरीदा। पैकेट खरीदकर लौटते समय यह अचानक बिजली के खंभे की चपेट में आ गया।

बच्चे चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने उसे संभाला। पास पड़े एक लकड़ी के मेज की मदद से उसे खंभे से दूर किया। तब तक बच्चा अमन बेहोश हो चुका था। उसे तुरंत घमूड़वाली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे होश आ गया। शाम तक उसकी हालत में सुधार था।

# चोरी की गाड़ी लेकर भाग रहे बदमाशों ने कार ठोकी

- तीन घायल, खेतों में भागे, पुलिस ने ढाई किमी पीछा कर पकड़ा
- स्कार्पियो में गाड़ी के लॉक तोड़ने के औजार भी मिले

बीकानेर, (निसं)। नागौर से स्कोर्पियो चोरी कर भागे बदमाशों ने सैरूणा के पास कार ठोक दी। कार सवार तीन जने घायल हो गए। यातायात थाने की इंटरसेप्टर के जवानों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को क्षतिग्रस्त कार से निकाल कर पीबीएम अस्पताल भिजवाया। बदमाश हादसे के बाद स्कोर्पियो छोड़ रोही में भाग गए। सैरुणा पुलिस ने पीछा कर रोही से दो जनों को दबोचा।

सैरूणा एसएचओ रामचन्द्र ढाका ने बताया कि जोधासर के पास एक स्कोर्पियो व कार की टक्कर की सूचना यातायात थाने की इंटरसेप्टर गाड़ी के स्टाफ ने दी । मौके पर पहुंचे, तब तक कार में सवार घायलों को पीबीएम अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कोर्पियो में सवार दो युवक हादसे के बाद रोही की तरफ भाग गए हैं। पुलिस ने युवकों के पदचिन्हों के आधार पर जोधासर की रोही मे तलाश की।

एसएचओ ढाका ने बताया कि एएसआई शिवकुमार, कांस्टेबल गौतम योगी, सहीराम, रमेश व गुलाम नबी, मुकेश जोधासर रोही में स्थित खेतों में आरोपियों के पीछे पैदल भागे। करीब ढाई किलोमीटर पीछे दौड़ कर दोनों बदमाशों को दबोचा। आरोपियों की पहचान बाड़मेर निवासी शंकरलाल पुत्र भागीरथ बिश्नोई एवं दिनेश कुमार पुत्र हनुमानाराम बिश्नोई के रूप में हुई। आरोपियों को गिरफ्तार कर स्कोर्पियो को जब्त कर लिया गया।

आरोपी चोरी की स्कोर्पियो लेकर जा रहे थे। स्कोर्पियो में गाड़ी के लॉक तोड़ने के औजार भी मिले हैं। यह गाड़ी नागौर जिले के मुण्डवा निवासी लक्ष्मीनारायण मुण्डेल के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी के कागजात भी मिले हैं। इस गाड़ी की चोरी की रिपोर्ट जयपुर के वैशालीनगर थाने में दर्ज है।

पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। जांच में अब तक पता चला है कि शंकर के खिलाफ एनडीपीएस का और एक अन्य मामला दर्ज है। दिनेश के बारे में पता नहीं चला है। दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए बाड़मेर के संबंधित थाना पुलिस को सूचित किया है।

## सामाजिक उत्थान से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा

बीकानेर, (निसं)। राजस्थान माइनोरिटी कर्मचारी-अधिकारी एसोसिएशन की बीकानेर शाखा की मासिक बैठक रविवार को जय नारायण व्यास कॉलोनी में आयोजित की गई। इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी गठित करने तथा सामाजिक उत्थान से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद रियाज और प्रदेश संयुक्त सचिव नजर तंवर का सम्मान किया गया। मोहम्मद रियाज ने बताया कि अगले महीने प्रदेश अध्यक्ष जाहिद अली बीकानेर के दौरे पर रहेंगे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के होनहार विधार्थियों के सम्मान के लिए समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# दो तस्कर गिरफ्तार, आधा किलो गांजा बरामद

- सप्लाई देने पैदल ही निकले थे, 51 हजार 400 रुपए नकद मिले

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले की नोहर पुलिस ने अवैध गांजा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार 400 रुपए की नकदी भी जब्त की है। आरोपी पैदल ही गांजा सप्लाई देने जा रहे थे और पुलिस को देखकर छुपने का प्रयास करने लगे थे।

थानाप्रभारी रविन्द्र नरुका ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो व्यक्तियों को आधा किलो गांजा और 51 हजार 400 नकदी सहित गिरफ्तार किया है। नरुका ने बताया कि एसआई गोपीराम कस्बे की गश्त पर थे। गश्त के दौरान रात 9:15 बजे पुलिस नोहर कस्बे में भादरा रेलवे फाटक पहुंची तो उन्हें दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगी। पुलिस टीम को देखकर छुपने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दोनों को रोक कर तलाशी ली तो उनके पास एक बैग में से आधा किलो (500 ग्राम) गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51 हजार 400 रुपए भी बरामद किए। पुलिस आरोपियों को गांजा व नकदी सहित गिरफ्तार कर थाने ले आई।

नोहर थानाधिकारी रविन्द्र नरुका ने बताया कि पुलिस पूछताछ में दोनो आरोपियों की पहचान विनोद कुमार (50) पुत्र शंकरलाल निवासी वार्ड 30 नोहर और तेजा पुत्र भगवाना राम निवासी रेस्ट हाउस के पास नोहर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच खुद थानाधिकारी रविन्द्र नरुका कर रहे हैं।

# चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

- कोर्ट ने 1 दिन का रिमांड दिया, 8 लाख के कपड़े चुराए थे

हनुमानगढ़, (निसं)। रेडीमेड की दुकान से 8 लाख से ज्यादा के कपड़े चुराने के आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। जंक्शन इलाके में रेडीमेड की दुकान से 8 लाख से ज्यादा के कपड़े और अन्य सामान चुराने वाले एक आरोपी को पुलिस ने एक दिन पहले जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा गया। पुलिस आरोपी से इस मामले में कड़ी पूछताछ कर रही है। शिवनारायण ने बताया कि 14 फरवरी को सतेन्द्र बंसल पुत्र रघुवीर बंसल निवासी दुर्गा कॉलोनी, जंक्शन ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसकी दुकान जंक्शन बस स्टैंड रोड पर मिर्जा इन्टरनेशनल फ्रेंचाइजी के नाम से है। इसमें वह रेडीमेड कपड़े, जूते, जिन्स, शर्ट बेचता है। उसने अपनी दुकान पर हेल्प के लिए राकेश यादव, बब्बू खां, अनीश कुमार, कमल कुमार, दीपा, इन्द्राज, सुखवीर और लवप्रीत सिंह को रखा हुआ था। कुछ दिन पहले उसे किसी काम से शहर से बाहर जाना पड़ गया था। इस दौरान पीछे से राकेश यादव, बब्बू खां, अनीश कुमार, कमल कुमार, दीपा, इन्द्राज, सुखवीर और लवप्रीत सिंह ने दुकान में रखे करीब 8.50 लाख रुपए के कपड़े और अन्य सामान चुरा लिया। परिवादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए पूरे मामले में जांच शुरु की। पहले से गिरफ्तार तीन आरोपियों से चोरी का मामला बरामद किया गया था। पुलिस ने अब सुखवीर सिंह निवासी जाखडावाली पीएस पीलीबंगा को एक दिन पहले जेल से प्रोडक्शन वारंट पर अरेस्ट किया जिसे कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया गया। पुलिस आरोपी सुखवीर सिंह से कड़ी पूछताछ कर रही है।

## चैम्पियनशिप के लिए एमजीएस टीम रवाना

बीकानेर, (निसं)। जम्मू युनिवर्सिटी जम्मू में आल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी पेनचाक सिलाट नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 26 मई को जम्मू युनिवर्सिटी जम्मू में किया जा रहा है। नेशनल चैम्पियनशीप में भाग लेने के लिए महाराजा गंगासिंह युनिवर्सिटी बीकानेर से 6 बालिका तथा सामाजिक 11 बालक सहित 20 सदस्यों का दल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के ट्रेन द्वारा रवाना हुआ। युनिवर्सिटी पेनचाक सिलाट टीम के साथ कोच एवं मैनेजर धनंजय सारस्वत, नितिन सिंह तंवर तथा श्वेता मोहिल को भिजवाया गया है। विभिन्न भार वर्ग के पेनचाक सिलाट महिला खिलाडियों में उर्मिल तरड़, शीतल रानी, दिव्या स्वामी, गुरमनदीप कौर, सुधा तिवाड़ी, शिवांगी ठकराल, मुन्नी कुमारी, अनिशा बिश्नोई तथा पुरुष वर्ग में जितिन सिंह, अंकित कुमार, हिमांशु सारस्वत, राजकुमार, भोजराज, तरुण कुमार राठी, गुलशन, गोविंद राम केवटिया, अनुराग राय, सतीश, युवराज सिंह, जयकिशन जोशी तथा संजीव कुमार का चयन किया।

# गांव सुरेवाला में हथकड़ शराब निकालने वालों पर दबिश दी

- कुछ लोगों ने आबकारी टीमपर हमला किया, मामला दर्ज कराया
- आरोपियों ने टीम की कार्रवाई को गलत बताते हुए महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप लगाए और पुलिस में मामला दर्ज कराने गए
- मामला दर्ज नहीं करने पर धरने पर बैठ गए। बाद में डीएसपी से हुई वार्ता के बाद धरना उठाया

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र के गांव सुरेवाला में आबकारी टीम ने हथकड़ शराब निकालने वालों पर दबिश दी। इस दौरान कुछ लोगों ने टीम पर हमला बोल दिया। इस पर पुलिस ने अवैध शराब के साथ ही मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए पीड़ित धरने पर बैठक गए। उनकी रिपोर्ट पर आबकारी अधिकारी, शराब ठेकेदार और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने पर रात 2 बजे उन्होंने धरना समाप्त कर दिया।

टिब्बी थानाधिकारी सुभाषचंद्र कच्छावा ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत संगरिया व हनुमानगढ़ आबकारी टीम सुरेवाला पहुंची थी। वहां से चौकी पुलिस को साथ लेकर वार्ड 13 में टीम ने ओमप्रकाश पुत्र शेर सिंह रायसिख के घर पर दबिश दी थी। आबकारी का आरोप है कि टीम को देखकर आरोपियों ने लाहन नष्ट कर दिया और मौके से 5 लीटर हथकड़ जब्त की। इस पर मौके पर मौजूद ओमप्रकाश, बट्टा सिंह, जगदीश, जसपाल कौर, परमजीत कौर, अमरजीत कौर और 7-8 अन्य ने आबकारी पुलिस से मारपीट की और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। टिब्बी पुलिस ने राजकार्य बाधा में मुकदमा दर्ज किया था।

इस पर आरोपियों ने टीम की कार्रवाई को गलत बताते हुए महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप लगाए और पुलिस में मामला दर्ज कराने गए। मामला दर्ज नहीं करने पर धरने पर बैठ गए। बाद में डीएसपी से हुई वार्ता के बाद धरना उठा लिया है। वहीं, टिब्बी पुलिस ने आबकारी अधिकारी, शराब ठेकेदार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब सुरेवाला निवासी पीड़ित ने संगरिया डीएसपी प्रतीक मील पर दबाब देकर प्रार्थना पत्र बदलने व पुलिस कर्मियों को बचाने का आरोप भी लगाया है। वहीं, संगरिया डीएसपी प्रतीक मील का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं।

## सार-समाचार

### उपाध्याय की पुण्यतिथि पर रक्तदान



बीकानेर, (निसं)। 'रक्तदान महादान' धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे है, जहां रक्तदान के प्रति खासकर युवाओं का जोश बिना किसी प्रेरणा के देखा जा सकता है अब इस कड़ी में शहर ही नहीं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़चढ़ कर रक्तदान करने की होड़ सी लगी। बीकानेर जिले के नजदीकी गांव कोलासर के स्वर्गीय भगवती देवी उपाध्याय पत्नी रामेश्वर लाल उपाध्याय की प्रथम पुण्यतिथि पर गांव कोलासर में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। युवा समाज सेवी प्रहलाद जोशी ने बताया कि भगवती देवी के सुपुत्र महावीर प्रसाद,भवानी शंकर, श्रीभगवान उपाध्याय परिवार कोलासर और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में बीकानेर पीबीएम बूड बैंक टीम की ओर से सुबह 9.15 बजे से 3 बजे तक 185 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। जिसमें आयोजकों की ओर से अतिथियों द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता बिशनाराम सियाग, उधोगपति राजाराम धारणियां, भाजपा देहात महिला मोर्चा महामंत्री विमला ओम उपाध्याय, कंचन सुथार,गजनेर एसएचोओ धर्मेंद्र सिंह, विप्र सेना देहात जिलाध्यक्ष चन्दू रामाणी,रामदेव मेघवाल,अजित सिंह चारण, जैना महाराज, रविन्द्र जाजडा, पत्रकार रजत दाधीच, संजीवनी रक्त वाटिका टीम आदि मौजूद रही।

### योग महोत्सव का हुआ आगाज



बीकानेर, (निसं)। महर्षि पतंजलि योग संस्थान की ओर से गजनेर रोड़ स्थित जवाहर पार्क में रविवार को प्रात: 5.30 से 7 बजे तक विशाल नि:शुल्क योग शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में युवक-युवतियां, महिलाएं, बच्चे, पुरूष एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग महोत्सव का आगाज किया। शिविर में योग गुरू दीपक शर्मा ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं जिनमें सूर्यनमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम एवं मुद्राओं का अभ्यास करवाकर उनके लाभ से अवगत करवाया। शिविर के संचालक नन्दलाल शर्मा एवं वरिष्ठ योग शिक्षक कन्हैयालाल सुथार ने संगीतमय ध्यान एवं घरेलू उपचार के बारे में जानकारी दी। योग गुरू दीपक शर्मा ने बताया कि मोटापा एवं तनाव से मुक्ति का एकमात्र जरिया योग है, नियमित एवं संतुलित आहार प्रणाली किसी भी शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों से लड़ने के लिए कारगर है। समिति के अध्यक्ष प्रहलाद चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में मैराथन दौड़, योग निबंध प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न रोगों पर आधारित योग शिविरों का आयोजन नि:शुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम में गणपतराम चौधरी, बिन्दु विश्नोई, गोविन्द राम, भंवरी देवी, प्रहलाद चौधरी, राजकुमारी शर्मा, अमित मोदी, मुस्कान, संजय बारूपाल, घनश्याम किराड़ू, गोविन्द ओझा, गुंजन मोदी, इन्द्रचंद जाखड़, मदनलाल भाटी, रविप्रकाश शर्मा, विनीत प्रजापत, कीर्ति, यषा, संघर्ष व्यास, दीक्षा शेखावत, प्रदीप दैया, सलोनी के साथ ही अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तबादला सूची जारी करवाने की मांग

बीकानेर, (निसं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) व तबादले हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले राज्य भर के शिक्षकों ने ट्वीटर पर हैश टैग अभियान चलाया जो राज्य में ट्रेंड में नंबर एक पर रहा व इंडिया में भी ट्रेंड पर रहा। शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि ट्वीटर पर चलाएं गए हैश टैग अभियान के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला से जल्द तबादला सूची जारी करवाने की मांग की। राज्य भर के शिक्षक लगातार तबादला सूची जारी करने की मांग कर रहे है लेकिन सरकार अनसुना कर रहीं है जबकि वरिष्ट अध्यापक, एचएम, व्याख्याता, प्रधानाचार्य के कई बार तबादले कर चुके हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के अंतिम बार 2018 में तबादले हुए जिनमें डार्क जोन वाले जिलों में 10 वर्ष की सेवा पूरी होने वालों के तबादले हुए थे। राजस्थान में 65 हजार सरकारी स्कूलों में 2,16,889 थर्ड ग्रेड शिक्षक पढ़ा रहे हैं। जिनमें डार्क जोन में थर्ड ग्रेड शिक्षकों की संख्या 72,119 है। इसलिए मांग है कि सरकार डार्क जॉन सहित सभी जिलों में कार्यरत शिक्षकों की तबादला सूची जल्द जारी करें। ट्वीटर अभियान में रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश महामंत्री ऋषि पाकड़, उदयपुर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा, झालावाड़ जिलाध्यक्ष नवल सिंह मीना, धौलपुर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार,जालौर जिलाध्यक्ष सरदार सिंह पाकड़, धौलपुर जिला सचिव शिवचरण जोरवाल आदि ने भूमिका निभाई।

### स्थापना दिवस 29 को

बीकानेर , (निसं)।भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन स्थापना दिवस 29 मई को पूरे देश में मनाया जाएगा। बी पी एच ओ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक चंद गैदर टी सी कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार बीकानेर में स्थापना दिवस के अनुसार विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बी पी एच ओ के राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारी, जिला पधाधिकारी भाग लेंगे। 29 मई को स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगा : मेघवाल

बीकानेर, (निसं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक जरूरी इमदाद पहुंचे, इसके विशेष प्रयास किए गए हैं।

मेघवाल ने रविवार को जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि गांवों का चहुंमुखी विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रत्येक बजट में गांवों को विशेष सौगातें दी हैं। ग्रामीण भी सरकार के इन प्रयासों को समझें और जानें तथा इनका भरपूर लाभ उठाएं। सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगा तभी उसे मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा और चिकित्सा तंत्र सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलें खुलने से गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का अवसर मिला है। आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों के लिए 25 दिन अतिरिक्त रोजगार देना और मनरेगा की तर्ज पर शहर में सौ दिन की रोजगार गारंटी देने वाली इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना भी प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिये।

- आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने सुनी आमजन की समस्याएं

उन्होंने ग्रामीणों से बच्चियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के भरपूर अवसर देने का आव्हान किया। इस दौरान ग्रामीणों ने नए स्कूल एवं संकाय खुलवाने, बिजली के ढीले तार दुरूस्त करवाने, सड़क एवं राजस्व से जुड़ी समस्याएं रखी। जिनके निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पेट्रोल-डीजल भरवाने अभी भी पंजाब जा रहे लोग

- एक्साइज ड्यूटी सेंट्रल गवर्नमेंट की ओर से घटाए जाने से पंजाब और राजस्थान के पेट्रोल-डीजल के दामों में मामूली अंतर आया है

श्रीगंगानगर, (निसं)। केंद्र सरकार के पेट्रोल पर आठ और डीजल पर छह रुपए एक्साइज ड्यूटी घटाने का शहर के आम लोगों को तो फायदा मिला है लेकिन पेट्रोलियम डीलर अब भी मायूस हैं। उन्हें अब भी रेट में आई इस कमी से कोई बड़ा फायदा नहीं मिलने वाला। एक्साइज ड्यूटी सेंट्रल गवर्नमेंट की ओर से घटाए जाने से पंजाब और राजस्थान के पेट्रोल-डीजल के दामों में मामूली अंतर आया है। यह पहले भी करीब 18 रुपए था और अब भी करीब 17 रुपए बना हुआ है। ऐसे में पेट्रोलियम डीलर्स का कहना है कि उन्हें दामों में कमी का कोई फायदा नहीं हुआ है। आम आदमी को जरूर कुछ लाभ हुआ है।

एक्साइस ड्यूटी घटाए जाने से श्रीगंगानगर में पेट्रोल में 9.70 रुपए और डीजल में 7.16 रुपए की कमी आई है। इसके बाद जहां शनिवार रात बारह बजे से पहले तक पेट्रोल 123.16 पैसे और डीजल 113.60 रुपए था वहीं शनिवार रात बारह बजे के बाद पेट्रोल के दाम 105.55 रुपए और डीजल 98.35 रुपए प्रति लीटर हो गया। सेंट्रल गवर्नमेंट के एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद भी राजस्थान के मुकाबले पंजाब में दामों में 16.62 रुपए प्रति लीटर का अंतर है।

श्रीगंगानगर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने बताया कि एक्साइज ड्यूटी घटाने का डीलर्स को कोई लाभ नहीं है अब भी पंजाब के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल का दाम करीब सत्रह रुपए ज्यादा है। एक्साइज ड्यूटी पंजाब पर भी समान रूप से कम हुई है।

वहीं श्रीगंगानगर के पेट्रोल डीलर सुमित शर्मा का कहना है कि उनके यहां अब भी कस्टमर्स की कमी बनी हुई है। बड़े वाहन तो राजस्थान के पेट्रोल पंप पर रुकते ही नहीं हैं। वे पंजाब से राजस्थान एंट्री के समय पेट्रोल भरवाते हैं और राजस्थान से बाहर निकलकर ही पेट्रोल फिर से भरवाते हैं। राजस्थान सरकार कुछ टैक्स कम करे तो कस्टमर्स और डीलर्स दोनों को फायदा होगा।

पेट्रोल-डीजल के मामले में देश में सबसे ज्यादा दाम श्रीगंगानगर में हैं। यहां से पंजाब महज सात किलोमीटर दूर है। ऐसे में बस ट्रक जैसे बड़े वाहन तो लोकल डीलर्स से पेट्रोल लेते ही नहीं हैं। बल्कि छोटे वाहन भी पूरे माह की जरूरत के लिए पंजाब से पेट्रोल ले आते हैं।